
नई किरण

भाग 1 व 2



राज्य संसाधन केन्द्र उत्तर प्रदेश

साक्षरता निकेतन, लखनऊ - 226023

नई किरन शिक्षक निर्देशिका

(भाग 1 व 2)

रचना – मण्डल

श्री भवानी शंकर उपाध्याय
श्री वीरेन्द्र मुलासी
श्री लायक राम 'मानव'
श्री यदुनाथ सिंह मुरारी
श्री ओम प्रकाश चौरसिया
श्री दिनेश सिंह
डा0 उमा बिष्ट

आवरण पृष्ठ

कु0 स्वाति श्रीवास्तव

प्रकाशक

कलाकुंज-राज्य संसाधन केन्द्र उ.प्र.,
साक्षरता निकेतन
लखनऊ- 226023

मूल्य :
संस्करण : जुलाई, 2010
प्रतियाँ : 1,000

मुद्रक :

गॉस्पेल प्रेस, लखनऊ
E-mail : gospel_paperprint@yahoo.co.in
फोन : 0522-4007705

कवर हेतु- 130 जी.एस.एम. जे.के. आर्ट पेपर
टेक्स्ट हेतु - 70 जी.एस.एम. एच.पी.सी. मैपलिथो
(न्यूनतम ब्राइटनेस 70%)

भूमिका

उत्तर प्रदेश के साक्षरता कर्मियों और नवसाक्षरों में 'नई किरन' प्रवेशिका एक जाना पहचाना नाम है। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दि० 8 सितम्बर, 2009 को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर साक्षर भारत मिशन की घोषणा की गई है तथा कार्यक्रम में महिला साक्षरता पर विशेष जोर दिया गया है। महानिदेशक, राष्ट्रीय साक्षरता मिशन, श्री जगमोहन सिंह 'राजू' के निर्देशानुसार 'नई किरन' प्रवेशिका को नया रूप दिया गया है। साक्षर भारत मिशन के उद्देश्यों के अनुसार प्रवेशिका को दो भागों में तैयार किया गया है। नए मानकों के अनुसार प्रवेशिका के पाठों को पहले की अपेक्षा काफी सरल, सहज और सुग्राह्य बनाने का प्रयास किया गया है।

प्रवेशिका तैयार करने के बाद प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के विशेषज्ञों द्वारा क्रमशः तीन चरणों में इसकी समीक्षा की गई है। समीक्षकों के निर्देशों व सुझावों के अनुसार संशोधन तथा परिमार्जन करके इसे अंतिम रूप दिया गया है। अंत में निदेशालय द्वारा मुद्रण की स्वीकृति दिये जाने के पश्चात प्रवेशिका को मुद्रित कराया गया है।

नव घोषित साक्षरता कार्यक्रम पूरे देश के 365 जिलों में चलाया जाना है, जिनमें से सबसे अधिक 66 जिले उत्तर प्रदेश के हैं। आशा है नए कलेवर के साथ 'नई किरन' प्रवेशिका प्रदेश में साक्षर भारत मिशन के उद्देश्यों की पूर्ति में सहायक सिद्ध होगी।

बाल कृष्ण दुबे
निदेशक
राज्य संसाधन केन्द्र, उ०प्र०

भारत सरकार
प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
10, जामनगर हाउस, शाहजहां मार्ग, नई दिल्ली-110011
Government of India
Directorate of Adult Education
Ministry of Human Resource Development
10, Jamnagar House, Shahjahan Road, New Delhi -110011

Kusum Vir
Director

DO No.F.16-27/2010-DAE

12 February, 2010

This refers to preparation and review of SRCs' new primers for basic literacy for use in saakshar Bharat programme. As per details received from the SRC, Lucknow new Primers I&II have been prepared, as well as, reviewed by the National Literacy Material Promotion Committee (IPCL expert Committee). Copies of the same have been received in this Directorate, **which are found technically approved. A copy of the Primer I&II is enclosed herewith for your information and necessary action**

In this regard, it is mentioned that the Scheme of Saakshar Bharat programme proposes to impart basic literacy to non-literates for 300 hours. SRC, Lucknwo has prepared two primers covering 200 hours and they are, therefore, expected to prepare a bridge primer to cover another 100 hours of basic literacy. I shall request you kindly to follow-up the matter, so that bridge primer is prepared/reviewed by the SRC in your State on priority basis, latest by **15th March 2010.**

Yours sincerely,

(Kusum Vir)

Encl. Primer I&II


Shri Sanjay Mohan
Director
Directorate of Literacy & Alternative Education
State Literacy Mission Authority
Govt. of Uttar Pradesh
203/99, Nabiullaha Road,
Lucknow- 226018.

Copy to Director, SRC, Lucknow along with a set of primers I&II for necessary action.

ई-मेल/E-mail : daedelhi@gmail.com फैक्स/ Fax : 91-11-23383739 फोन/Phone : 23388114, 23386993,23386542, 23382832

नई किरण प्रवेशिका भाग–2

विषय सूची



पाठ – 1

एक-एक ऐसे जुड़ जाओ

ए ड़ ओ

ए	एक	एकता	रुपए	एकाएक
ड़	जड़	सड़क	पड़ोसी	कपड़ा
ओ	ओस	ओला	ओझा	ओढ़नी

एक एक ऐसे जुड़ जाओ, अपने को फौलाद बनाओ,
मिलकर गाओ सभी,एकता जिंदाबाद !
एकता जिंदाबाद ।।

आपस की है फूट सदा घर को कमजोर बनाती,
और एकता से है ताकत बेहिसाब बढ़ जाती,
हाथ मिलाओ सभी, एकता जिंदाबाद !
मिलकर गाओ सभी एकता जिंदाबाद ।।

बड़ी बड़ी बाधाओं से भी हार कभी ना माने,
तूफानों में खड़े रहे हम अपना सीना ताने,
नहीं झुके हम कभी, एकता जिंदाबाद !
मिलकर गाओ सभी एकता जिंदाबाद ।।

हमने भाईचारे का जग को संदेश दिया है,
भारत की ताकत का लोहा सबने मान लिया है,
हम ना टूटे कभी, एकता जिंदाबाद !
मिलकर गाओ सभी एकता जिंदाबाद ।।

नहीं किसी का भय है, जब तक होकर एक रहेंगे,
हमें बाँटने की हर साजिश हम नाकाम करेंगे,
एक रहे हम सभी, एकता जिंदाबाद !
मिलकर गाओ सभी एकता जिंदाबाद ।।

स्थानीय मान सीखिए :–

35 में इकाई की जगह 5 और दहाई की जगह 3 है। इनका मान होगा –

35

दहाई द0	इकाई इ0
	5
3	0

$$\begin{array}{r} 5 \\ +\ 30 \\ \hline 35 \\ \hline \end{array}$$

नोट – दहाई का अंक दस गुना हो जाता है।

585

सैकड़ा सै0	दहाई द0	इकाई इ0	
		5	5
	8	0	+ 80
5	0	0	+ 500
			585

नोट – सैकड़ा का अंक 100 गुना हो जाता है।

1755

हजार ह0	सैकड़ा सै0	दहाई द0	इकाई इ0	
			5	5
		5	0	+ 50
	7	0	0	+ 700
1	0	0	0	+ 1000
				1755

नोट – हजार का अंक 1000 गुना हो जाता है।

अभ्यास

1. पढ़िए :

ए ड़ ओ एड़ी सड़क कपड़ा ओझा

एक बार गांधी जी रेल में सफर कर रहे थे। सावन का महीना था। बहुत बारिश हुई। कूपे में पानी टपकने लगा। आगे गाड़ी रुकी। रेल बाबू दौड़ कर आया। वह गांधी जी से बोला– "एक कूपा खाली करवाया है। आप वहां बैठ जाएं। वहां के लोग यहां बैठ जाएंगे।" गांधी जी बोले– "वे यहां बैठ सकते हैं, तो मैं भी बैठ सकता हूं।"

पढ़कर उसके आगे की बात लिखिए :

रेल बाबू ने कहा ....

....

गांधी जी बोले ....

....

2. पंक्ति पूरी करिए :

मिलकर गाओ सभी ....

हमने भाईचारे का ....

हमें बांटने की हर साजिश ....

3. नीचे लिखे अक्षरों में से छांटकर खाली जगह भरिए, और दो दो शब्द बना कर लिखिए :

ड़	क	ला

	औ	
फौ		द
	द	

	ए	
ता		त
	ता	

	ल	
स		क
	की	

(1) .... (1) .... (1) ....

(2) .... (2) .... (2) ....

4. चित्र देखकर दो लाइन लिखो :



....

....

5. स्थानीय मान के अनुसार अंकों को सही जगह पर लिखिए :

85 =

द0	इ0

370 =

सै0	द0	इ0

6085 =

ह0	सै0	द0	इ0

6. स्थानीय मान देखकर संख्याएँ लिखिए :

द0	इ0
	2
8	0


= ....

सै0	द0	इ0
		5
	7	0
9	0	0

= ....

ह0	सै0	द0	इ0
			5
		6	0
	7	0	0
2	0	0	0

= ....


उपभोक्ता फोरम

पाठ–2

उपभोक्ता संरक्षण कानून

उ क क्ष ण

उ	उड़ान उधार उपला उपज
क	पक्का मक्खी शक्ति अक्टूबर
क्ष	क्षण रक्षा साक्षी परीक्षा
ण	कण गणना गणित जागरण

हम सभी बाजार से सामान खरीदते हैं। पैसे देकर सेवाएं लेते हैं। कई बार खराब सामान या सेवा से हमारा नुकसान हो जाता है। ऐसे में क्या करें ?

ऐसे में उपभोक्ता संरक्षण कानून की मदद लें। हम उपभोक्ता फोरम में शिकायत कर सकते हैं। शिकायत के साथ पक्की रसीदें जरूर लगानी चाहिए।

शिकायत में अपने पक्ष की पूरी बात और नाम पता लिखें। दूसरे पक्ष का भी पूरा नाम पता लिखें। केस लड़ने के लिए वकील करना जरूरी नहीं है। आप अपना

पक्ष खुद रख सकते हैं। बस आपके पास शिकायत करने का उचित कारण होना चाहिए।

उपभोक्ता संरक्षण कानून आपकी भलाई के लिए है। कानून के तहत आपके नुकसान की भरपाई हो सकती है।

हासिल के जोड़ सीखिए :—

```
  1
  15
+  5
----
  20
----
```

पहले इकाई 5 और 5 को जोड़ें। जोड़ 10 आया। अब 10 में से 0 को इकाई की जगह नीचे लिख दें। दहाई के लिए 1 हासिल हुआ। अब दहाई के अंक में हासिल एक जोड़ें, जो दो हुआ। दहाई की जगह नीचे 2 लिख दें। पूरा जोड़ 20 आया।

```
  1                1
  18               25
+ 12             + 15
----             ----
  30               40
----             ----
```

उधार वाले घटाने सीखिए :—

```
  1 13
  2̸3
– 05
----
  18
----
```

पहले इकाई अंक 3 में से 5 घटायें। यह नहीं घट सकता। इसलिए दहाई 2 से 1 दहाई उधार लें। अब इकाई का जोड़ 13 हो गया। अब 13 में से 5 घटायें। बाकी 8 बचा। अब 8 को नीचे इकाई के अंक की जगह लिखें। अब दहाई की जगह केवल 1 बचा। 1 में से 0 घटायें तो बाकी 1 बचेगा। इसे दहाई के नीचे रख दें। जवाब 18 आया।

```
  2 15             3 10
  3̸5               4̸0
– 17             – 15
----             ----
  18               25
----             ----
```

अभ्यास

1. पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

उ क्ष ण पक्का मक्खी क्षण रक्षा उधार
उपदेश कण उगाना उपला गणित संरक्षण

उपभोक्ता फोरम में शिकायत करने के नियम – 20 लाख रु0 तक का नुकसान हो तो, शिकायत जिला उपभोक्ता फोरम में कर सकते हैं। 20 लाख से 1 करोड़ रुपए तक का नुकसान हो तो, शिकायत अपने सूबे के उपभोक्ता फोरम में कर सकते हैं। एक करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हो, तो शिकायत भारत सरकार के उपभोक्ता फोरम में कर सकते हैं।

1. 20 लाख रुपए तक के नुकसान की शिकायत कहां कर सकते हैं ?

   ....

2. सूबे के उपभोक्ता फोरम में कितने नुकसान तक की शिकायत की जा सकती है ?

   ....

3. एक करोड़ रुपए से अधिक के नुकसान की शिकायत कहां करनी चाहिए ?

   ....

2. पाठ के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

क. उपभोक्ता के नुकसान की भरपाई करने के लिए कौन सा कानून है ?

....

ख. धोखा धड़ी से हुए नुकसान की शिकायत कहां करनी चाहिए ?

....


ग. उपभोक्ता फोरम में की जाने वाली शिकायत में क्या क्या लिखना चाहिए ?

....

घ. शिकायत की अरजी के साथ क्या लगाना चाहिए ?

....

3. गोले में लिखे आधे अक्षरों को मिलाकर शब्द बनाइए और लिखिए :




जैसे : ढक्कन

--------------- ---------------

--------------- ---------------

--------------- ---------------




जैसे : दफ्तर

--------------- ---------------

--------------- ---------------

--------------- ---------------

4. हर खाने के अक्षरों को मिलाकर एक एक शब्द बनाइए और लिखिए :



जैसे : लक्षण ---------------

--------------- ---------------

--------------- ---------------

--------------- ---------------

5. जोड़िए :


$$\begin{array}{r} 680 \\ +\ 362 \\ \hline \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 215 \\ +\ 589 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

$$\begin{array}{r} 730 \\ +\ 140 \\ \hline \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 449 \\ +\ 349 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

6. घटाइए :

$$\begin{array}{r} 475 \\ -\ 274 \\ \hline \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 475 \\ -\ 326 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

$$\begin{array}{r} 865 \\ -\ 453 \\ \hline \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 632 \\ -\ 453 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$



प्राथमिक पाठशाला

पाठ–3


कहानी गुड्डी की

ड ्


ड	डर	डगर	निडर	चकरोड
्	लड्डू	मट्ठा	मिट्टी	चिट्ठी



गुड्डी सुबह 6 बजे उठती है। घर की सफाई करती है। चौका बरतन संभालती है।




गुड्डी की मां 8 बजे खेतों पर चली जाती है।



गुड्डी 12 बजे तक छोटे भाई छुट्टन को संभालती है। इस बीच वह देखती है लड़कियां पढ़ने जा रही हैं। खेल कूद रही हैं। गुड्डी मन मसोस कर रह जाती है।


12 बजे तक गुड्डी की मां खेतों से लौटती है। तब गुड्डी बापू का खाना लेकर खेतों पर जाती है।



गुड्डी शाम को 6 बजे तक अपने पिता के साथ ही घर लौटती है। फिर वह मां के काम में हाथ बंटाती है।

गुड्डी को रात 10 बजे ही छुट्टी मिलती है। थकी हारी गुड्डी सोते हीं सपनों में खो जाती है।

सपनों में ही गुड्डी पढ़ने जाती है । लट्टू नचाती है। तितलियां पकड़ती है। परियों की तरह उड़ती है। इस तरह गुड्डी को अपना खोया बचपन सपनों में मिलता है।



रुपए पैसे के जोड़ और घटाना सीखिए :

4 रुपए 50 पैसे को लिखने का तरीका

4 रु. 50 पै.

4.50 रु.

जोड़ :

	रु.		पै.
	4	.	50
+	5	.	25
	9	.	75

	रु.		पै.
	25	.	50
+	27	.	50
	53	.	00

घटाना :

	रु.		पै.
	14	.	50
−	05	.	25
	09	.	25

	रु.		पै.
	87	.	50
−	28	.	10
	59	.	40

1. पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

ड निडर डमरू लड्डू लड़का गुड्डा मठ्ठा

हमारे समाज में बेटे को अधिक मान दिया जाता है। कहते हैं, बेटी पराया धन है। बेटे के हाथों से ही मोक्ष मिलता है। ये धारणाएं गलत हैं। बेटे की आशा में परिवार बड़ा हो जाता है। कुछ बेटियों को पढ़ने नहीं भेजा जाता। यह गलत है। बेटियों को भी पढ़ने लिखने, आगे बढ़ने का हक मिलना चाहिए।

क. हमारे समाज में बेटे को अधिक मान क्यों दिया जाता है ?

....

ख. परिवार कैसे बड़ा हो जाता है ?

....

ग. बेटियों को कौन सा हक मिलना चाहिए ?

....

2. पाठ के आधार पर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

क. गुड्डी सुबह 6 बजे उठकर क्या करती है ?

....

ख. छुट्टन कौन है ?

....

ग. गुड्डी खेत से घर कब लौटती है ?

....

घ. गुड्डी सपनों में क्या क्या देखती है ?

....

3. सही शब्द चुनकर खाली जगह भरिए :

- सुबह 6 बजे गुड्डी घर की..................करती है।
  (साफ सफाई / निराई गुड़ाई)

- छुट्टन गुड्डी का..................है।
  (छोटा भाई / बड़ा भाई)

- गुड्डी घर के कामों में.............रहती है।
  (उलझी / सुलझी)

- गुड्डी को अपना खोया बचपन.............में मिलता है।
  (सपनों / अपनों)

4. सही अक्षर के नीचे (्) लगाकर सही शब्द बनाइए और पूरा शब्द लिखिए :

चटटान	चददर	मुकददर	गटठर
....	....	....	....
गडढा	कबडडी	विदवान	गददा
....	....	....	....

5. जोड़िए :

	रु.		पै.
	9	.	50
+	5	.	25

	रु.		पै.
	35	.	50
+	27	.	50

	रु.		पै.
	17	.	05
+	35	.	25

	रु.		पै.
	45	.	50
+	23	.	25


6. घटाइए :

	रु.		पै.
	28	.	50
−	05	.	25

	रु.		पै.
	53	.	50
−	17	.	40

	रु.		पै.
	57	.	85
−	16	.	25

	रु.		पै.
	23	.	25
−	07	.	50



पाठ–4

ऋषि की तपस्या का अंत

ऋ ष स् अं

ऋ	ऋतु	ऋण	उऋण	ऋणी
ष	भाषा	भाषण	पोषण	पुरुष
स्	स्नान	किस्सा	गुस्सा	अमावस्या
अं	अंडा	अंकुर	पतंग	अंधकार

एक ऋषि थे। घोर तपस्या के बाद उन्हें वरदान मिला। जिसे वे तमतमा कर देखेंगे, वह जल कर राख हो जाएगा।

एक दिन ऋषि तपस्या में लीन थे। तभी ऊपर से एक अंधी चिड़िया ऋषि पर आ गिरी। ऋषि ने चिड़िया को तमतमा कर घूरा। चिड़िया तुरन्त जल कर राख हो गई।

अगले दिन ऋषि एक गांव में पहुंचे। एक दरवाजे पर अलख जगाई। घर की औरत अंदर पति की सेवा में लगी थी। वह देर से बाहर निकली। ऋषि जल भुन गए। तिलमिला कर बोले –"काफी देर से अलख जगा रहा हूं। तू जानती नहीं, मैं कौन हूं।"

औरत ने सहज भाव से कहा– ''महात्मा जी, मैं आपको खूब पहचानती हूं। मैं पूरे मन से बीमार पति की सेवा करती हूं। सबकी भलाई की सोचती हूँ। आपने तो बेचारी अंधी चिड़िया को नाहक जला दिया। अपना किया धरा सब धो डाला। यदि आप अपने तप से अंधी चिड़िया की आंख ठीक कर देते, तो आपका तप सफल हो जाता।''

औरत की बात से ऋषि को बड़ा पछतावा हुआ। वह अपना खोया तपोबल पाने के लिए जंगल चले गए।

गुणा करना सीखिए :

एक ही संख्या को बार बार जोड़ने को गुणा कहते हैं। गुणा का निशान है (x)

जैसे $2 + 2 + 2 = 6$

गुणा करते समय इसे इस तरह लिखते हैं :–

$2 \times 3 = 6$ या

$$\begin{array}{r} 2 \\ \times \quad 3 \\ \hline 6 \\ \hline \end{array}$$

इसी तरह

$2 + 2 + 2 + 2 = 8$

$2 \times 4 = 8$

$$\begin{array}{r} 2 \\ \times \quad 4 \\ \hline 8 \\ \hline \end{array}$$

गुणा करने के लिए पहाड़े सीखना आवश्यक है।

2 x 1 = 2	3 x 1 = 3	4 x 1 = 4
2 x 2 = 4	3 x 2 = 6	4 x 2 = 8
2 x 3 = 6	3 x 3 = 9	4 x 3 = 12
2 x 4 = 8	3 x 4 = 12	4 x 4 = 16
2 x 5 = 10	3 x 5 = 15	4 x 5 = 20
2 x 6 = 12	3 x 6 = 18	4 x 6 = 24
2 x 7 = 14	3 x 7 = 21	4 x 7 = 28
2 x 8 = 16	3 x 8 = 24	4 x 8 = 32
2 x 9 = 18	3 x 9 = 27	4 x 9 = 36
2 x 10 = 20	3 x 10 = 30	4 x 10 = 40
5 x 1 = 5	6 x 1 = 6	7 x 1 = 7
5 x 2 = 10	6 x 2 = 12	7 x 2 = 14
5 x 3 = 15	6 x 3 = 18	7 x 3 = 21
5 x 4 = 20	6 x 4 = 24	7 x 4 = 28
5 x 5 = 25	6 x 5 = 30	7 x 5 = 35
5 x 6 = 30	6 x 6 = 36	7 x 6 = 42
5 x 7 = 35	6 x 7 = 42	7 x 7 = 49
5 x 8 = 40	6 x 8 = 48	7 x 8 = 56
5 x 9 = 45	6 x 9 = 54	7 x 9 = 63
5 x 10 = 50	6 x 10 = 60	7 x 10 = 70

8 x 1 = 8	9 x 1 = 9	10 x 1 = 10
8 x 2 = 16	9 x 2 = 18	10 x 2 = 20
8 x 3 = 24	9 x 3 = 27	10 x 3 = 30
8 x 4 = 32	9 x 4 = 36	10 x 4 = 40
8 x 5 = 40	9 x 5 = 45	10 x 5 = 50
8 x 6 = 48	9 x 6 = 54	10 x 6 = 60
8 x 7 = 56	9 x 7 = 63	10 x 7 = 70
8 x 8 = 64	9 x 8 = 72	10 x 8 = 80
8 x 9 = 72	9 x 9 = 81	10 x 9 = 90
8 x 10 = 80	9 x 10 = 90	10 x 10 = 100

आप खुद भी पहाड़े बना सकते हैं। एक ही संख्या को बार बार जोड़ते जाने पर पहाड़े बन जाते हैं।

जैसे –

2	4	6	8	10	12	14	16	18	20

पहाड़े की मदद से गुणा करना सीखिए :

दो सत्ते चौदह होते हैं –

$$\begin{array}{r} 7 \\ \times \quad 2 \\ \hline 14 \\ \hline \end{array}$$

तीन छक्के अठारह होते हैं –

$$\begin{array}{r} 6 \\ \times \quad 3 \\ \hline 18 \\ \hline \end{array}$$

अभ्यास

1. पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

ऋ ष अं ऋषि अंगूर विष ऋतु

एक संत घोड़ी पर बैठकर कहीं जा रहे थे। रास्ते में संत को दो बूढ़े आदमी मिले। वे नंगे पैर थे। पैदल नहीं चल पा रहे थे। संत ने एक बूढ़े को घोड़ी पर बिठाया। दूसरे को अपनी चप्पलें दे दीं। खुद पैदल चलने लगे। यह महान संत शेख सादी थे।

1. संत किस पर बैठकर जा रहे थे ?

   ....

2. रास्ते में संत को कौन मिले ?

   ....

3. संत ने घोड़ी पर किसको बिठाया ?

   ....

4. संत का नाम बताइए।

   ....

2. पाठ के आधार पर जवाब लिखिए :

1. ऋषि को कौन सा वरदान था ?

   ....

2. ऋषि ने किसे वरदान से जलाया ?

   ....

3. ऋषि ने कहां अलख जगाई ?

....

4. औरत किसकी सेवा में लगी थी ?

....

3. सही शब्द चुनकर खाली जगह भरिए :

1. ऋषि .... में लीन थे। (समस्या / तपस्या)
2. चिड़िया जल कर .... हो गई। (राख / आग)
3. औरत ने .... भाव से कहा। (सहज / महज)
4. ऋषि को बड़ा .... हुआ । (पछतावा / छलावा)

4. नीचे लिखे मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

1. तिलमिला जाना ....

....

2. किया धरा धो देना ....

....

3. अलख जगाना ....

....

5. 4 और 6 के पहाड़े लिखिए :

4 x 1 =	6 x 1 =
4 x 2 =	6 x 2 =
4 x 3 =	6 x 3 =
4 x 4 =	6 x 4 =
4 x 5 =	6 x 5 =
4 x 6 =	6 x 6 =
4 x 7 =	6 x 7 =
4 x 8 =	6 x 8 =
4 x 9 =	6 x 9 =
4 x 10 =	6 x 10 =

6. गुणा कीजिए :

$$\begin{array}{r} 5 \\ \times\ 2 \\ \hline \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 8 \\ \times\ 3 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

$$\begin{array}{r} 6 \\ \times\ 4 \\ \hline \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 2 \\ \times\ 5 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

जांच–4

1. पढ़िए और प्रश्नों के जवाब लिखिए :

गंगा किनारे एक ऋषि रहते थे। उनकी कुटिया के चारों ओर घना जंगल था। जंगल में शेर, बाघ, चीता, हिरन, भालू आदि जानवर रहते थे। ऋषि सभी जीवों से प्यार करते थे। जंगली जानवर उनके पास आकर बैठा करते थे।

एक दिन उनके पास एक आदमी आया। उसने कहा – "बाबा, मैं बहुत दुखी हूं। मेरा दुख दूर करो।"

ऋषि ने गौर से उस आदमी को देखा। फिर बोले – "बेटा, तुमने हजारों पेड़ पौधे कटवा डाले। पूरा जंगल साफ कर डाला। ये जंगल जिन्दगी का हिस्सा हैं। तरह तरह के जानवरों का घर है। तुमने जंगल कटवा कर बहुत बड़ा पाप किया है। तभी तुम दुखी हो। जाओ खूब पेड़ पौधे लगाओ। उनका पालन पोषण करो। तभी तुम्हारा दुख दूर होगा।" ऋषि की बात से उस आदमी की आंखें खुल गईं।

1. ऋषि कहां रहते थे ?

   ....

2. आदमी ने ऋषि से क्या कहा ?

   ....

3. ऋषि ने आदमी के दुख का क्या कारण बताया ?

   ....

2. पढ़े गए पाठों के आधार पर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

क. गुड्डी सपनों में क्या क्या करती है ?

....

....

ख. उपभोक्ता की भलाई के लिए कौन सा कानून है ?

....

....

ग. हमें किसी का डर कब तक नहीं है ?

....

....

घ. अंधी चिड़िया कैसे जलकर राख हो गई ?

....

....

3. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए :

- गुड्डी मन...................कर रह जाती है। (मरोड़ / मसोस)
- हम उपभोक्ता फोरम में.....................कर सकते है। (किफायत / शिकायत)
- ऋषि ने चिड़िया को............................कर घूरा। (तमतमा / चमचमा)
- हमें बांटने की हर.....................हम नकाम करेंगे। (बारिस / साजिश)

4. चित्र देखकर नाम लिखिए :

 ....

 ....

 ....

 ....

5. स्थानीय मान के अनुसार अंको को सही जगह लिखिए :

65

द0	इ0

835

सै0	द0	इ0

2607

ह0	सै0	द0	इ0

6. हल कीजिए :

$$\begin{array}{r} 635 \\ +\ 250 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

$$\begin{array}{r} 785 \\ +\ 306 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

$$\begin{array}{r} 758 \\ -\ 325 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

$$\begin{array}{r} 935 \\ -\ 482 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

7. हल कीजिए :

रू.	पै.
65	10
+ 30	35

रू.	पै.
16	50
+ 27	85

रू.	पै.
87	25
− 18	10

रू.	पै.
57	80
− 49	40


8. गुणा कीजिए :

$$\begin{array}{r} 6 \\ \times \; 2 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

$$\begin{array}{r} 5 \\ \times \; 3 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

$$\begin{array}{r} 7 \\ \times \; 4 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

$$\begin{array}{r} 9 \\ \times \; 7 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$



उपजाऊ जैविक कृषि

ऊ ृ

ऊ ऊन ऊंट ऊसर बिकाऊ

ृ कृपा वृक्ष गृहस्थी पैतृक

ऊदल ने अपने खेत से गोभी तोड़ी। बिल्कुल सफेद मक्खन जैसी। वजन भी दो किलो से ऊपर।

उसी समय वहां रामवृक्ष आ गए। गोभी देख उनकी आंखें फटी की फटी रह गईं। बोले– "ऊदल भाई, ऐसी गोभी तो गांव में किसी की नहीं है। तुमने कैसे पैदा कर ली ?"

ऊदल का सीना चौड़ा हो गया। बोले – "मुफ्त में नहीं पैदा होती ऐसी गोभी। खूब यूरिया झोंकी है।"

रामवृक्ष ने कहा – "सो तो ठीक है। पर सेहत के बारे में भी सोचा है कभी ?"

"क्या मतलब ?"

''मतलब यह, कि रासायनिक खादों का असर सब्जियों और अनाजों में भी आता है। उससे सेहत खराब होती है। मिट्टी भी खराब होती है।''

ऊदल ने कहा– ''लेकिन बिना खाद के पैदावार कैसे होगी ?''


रामवृक्ष ने कहा –''जैविक खादें डालिए न। जैविक खाद से मिट्टी उपजाऊ बनेगी। सेहत भी ठीक रहेगी।''

ऊदल की समझ में बात आ गई। वे बोले – ''ठीक कहते हो। आगे से हम भी जैविक कृषि करेंगे। अधिक उपज के लिए जैविक खाद ही डालेंगे।''

भाग करना सीखिए :

भाग का मतलब है बांटना।
भाग का निशान (÷) है।

मान लीजिए, 12 आम हैं। इन्हें तीन बच्चों में बांटना है। हर एक को कितने आम मिलेंगे ?



चित्र देखिए :

प्रत्येक को चार चार आम मिलेंगे।

भाग करने का तरीका नीचे दिया गया है :

```
3 ) 12 ( 4          या   12 ÷ 3 = 4
  − 12
  ----
     0
  ----
```

भाग के सवाल भी पहाड़े की मदद से किए जाते हैं :

```
5 ) 15 ( 3      3 ) 15 ( 5      8 ) 72 ( 9
  − 15            − 15            −  72
  ----            ----            ----
     0               0               0
  ----            ----            ----
```

अभ्यास

1. पढ़िए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

उ, कृषक, कृष्ण, उंट, ऊसर, ऊन, गृहस्थ, वृक्ष

रासायनिक खादों से मिट्टी कमजोर हो रही है। उपजाऊ मिट्टी धीरे धीरे ऊसर में बदल रही है। हमारी सेहत खराब हो रही है। नई नई बीमारियां पैदा हो रही हैं। मिट्टी को उपजाऊ बनाने के लिए जैविक कृषि को अपनाना चाहिए। जैविक खादें हैं– कम्पोस्ट खाद, गोबर की खाद, केंचुआ खाद, नीम की खली आदि। नीम, धतूरा, मट्ठा आदि से जैविक कीट नाशक तैयार कर सकते हैं।

क. रासायनिक खादों से क्या नुकसान हो रहा है ?

....

....

ख. मिट्टी को उपजाऊ बनाने के लिए क्या करना चाहिए ?

....

....

ग. जैविक खादें कौन कौन सी हैं ?

....

....

घ. जैविक कीटनाशक कैसे तैयार कर सकते हैं ?

....

....

2. पाठ के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

अ. ऊदल के खेत की गोभी कैसी थी ?

....

....

ब. ऐसी गोभी पैदा करने के लिए ऊदल ने क्या किया था ?

....


....

स. अंत में ऊदल ने क्या सीखा ?

....

....

3. गोले में लिखे अक्षरों को उनके सामने लिखे अक्षरों से मिलाइए। मिलाकर जो शब्द बनते हैं, उन्हें लिखिए :



जैसे– पृथ्वी

....

....

....

4. खाली जगह में ऊ अथवा ऊं भरकर शब्द बनाइए और लिखिए :

.........चा ....पर ....सर खड़ा.........

.........ट कमा......... बिका......... ....चाई

5. भाग कीजिए :

$12 \div 3 =$ $40 \div 8 =$

$30 \div 5 =$ $56 \div 7 =$

$42 \div 6 =$ $45 \div 9 =$

4) 20 (5) 35 (



पाठ–6

ज्ञानश्री का पत्र

ज्ञ श्र त्र

ज्ञ	ज्ञान	यज्ञ	विज्ञान	आज्ञा
श्र	श्रम	श्रवण	विश्राम	मिश्रण
त्र	त्रस्त	नेत्र	मित्रता	विचित्र

ग्राम व पो0–कुन्दनपुर
लखनऊ।
25.02.09

प्यारे देवर जी,

यहां सब कुशल है। आशा है, आपकी पढ़ाई ठीक चल रही होगी। कल गांव में एड्स पर कैम्प लगा था। डाक्टर श्रवण ने बताया कि एड्स की कोई कारगर दवा उपलब्ध नहीं है। यह जानलेवा है। एड्स में शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता समाप्त हो जाती है। नतीजा यह होता है कि व्यक्ति तरह तरह के रोगों से घिर जाता है।

उन्होंने एड्स होने के चार कारण बताए –

1. बिना सुरक्षा के अनजान स्त्री या पुरुष से यौन सम्बन्ध बनाने से।

2. पेट में पल रहे बच्चे को एड्स से पीड़ित मां से।

3. एड्स से पीड़ित व्यक्ति का खून किसी और को चढ़ाने से।

4. एक ही सुई अलग अलग लोगों को लगाने से।

तुम्हारा चचेरा भाई ज्ञानू विदेश से आया है। उसे एड्स हो गया है। सब उससे घृणा करते हैं। उससे कतराते हैं। परन्तु मैं उसकी देखभाल कर रही हूं। डाक्टर साहब ने बताया था कि एड्स छूत का रोग नहीं है। उसकी सेवा करनी चाहिए। उसके साथ मित्रता का व्यवहार करना चाहिए।

शेष कुशल है। अपना ख्याल रखना।


तुम्हारी भाभी
ज्ञानश्री

सेवा में,
श्री शत्रुघ्न जी,
बिड़ला हास्टल
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
वाराणसी (उ0प्र0)
पिन कोड –

बांट और तौल के बारे में जानिए :

वजन तौलने के लिए ग्राम, किलोग्राम के बांट काम में लाए जाते हैं।

ग्राम और किलोग्राम के कुछ बांट नीचे दिए गए हैं। इन्हें जानिए :



50 ग्राम   100 ग्राम   200 ग्राम   500 ग्राम   1 किलोग्राम

इसी तरह 5 किलो, 10 किलो, 20 किलो, 50 किलो वगैरह के बांट भी होते हैं।

समझिए

आधा किलो	=	500 ग्राम
1 किलो	=	1000 ग्राम
100 किलो	=	1 क्विंटल

किलोग्राम को कि0ग्रा0 भी लिखते हैं।

दशमलव में लिखना सीखिए

4 किलो 500 ग्राम	=	4.500 कि0 ग्रा0
10 किलो 500 ग्राम	=	10.500 कि0 ग्रा0

किलोग्राम और ग्राम को ऐसे भी लिखते हैं–

किग्रा0	ग्राम
4	500

किग्रा0	ग्राम
10	500

जोड़ना सीखिए :

	10.250 कि0 ग्राम
+	5.500 कि0 ग्राम
	15.750 कि0 ग्राम

	5.500 कि0 ग्राम
+	3.500 कि0 ग्राम
	9.000 कि0 ग्राम

	किग्रा0	ग्राम
	15	300
+	24	250
	39	550

	किग्रा0	ग्राम
	38	200
+	51	500
	89	700

घटाना सीखिए :

	10.250 कि0 ग्राम
–	5.200 कि0 ग्राम
	5.050 कि0 ग्राम

	12.750 कि0 ग्राम
–	10.250 कि0 ग्राम
	2.500 कि0 ग्राम

	किग्रा0	ग्राम
	36	300
–	24	250
	12	050

	किग्रा0	ग्राम
	73	750
–	41	500
	32	250

अभ्यास

1. पाठ के आधार पर पत्र का उत्तर लिखिए :

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

2. पाठ के आधार पर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

क. कुन्दनपुर में कौन सा कैम्प लगा था ?

....

ख. एड्स होने के कोई दो कारण लिखिए ?

....

ग. एड्स पीड़ित के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए ?

....

3. पढ़कर सही (✔) और गलत (X) का निशान लगाइए :

1. बिना सुरक्षा यौन सम्बन्ध से एड्स होता है। ( )

2. एड्स से पीड़ित महिला के पेट में पल रहे बच्चे को एड्स होने का डर रहता है। ( )

3. एड्स के कारण शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ जाती है। ( )

4. एड्स छूत का रोग नहीं है। ( )

4. खाली स्थान भरिए :

आधा किलो	=	....	ग्राम
1000 ग्राम	=	....	कि0 ग्राम
100 किलो	=	....	क्विन्टल

5. दशमलव लगाकर लिखिए :

5 किलो 500 ग्राम =


8 किलो 250 ग्राम =

6. जोड़िए :

	12.250 कि0 ग्राम				20.500 कि0 ग्राम
+	8.250 कि0 ग्राम			+	5.500 कि0 ग्राम

7. घटाइए :

	8.500 कि0 ग्राम				15.250 कि0 ग्राम
−	5.250 कि0 ग्राम			−	7.500 कि0 ग्राम



इतना सुन्दर हमारा प्रदेश

इ ्र

इ	इनाम	इमारत	इलायची	इंसाफ
्र	व्रत	प्रण	सम्राट	विनम्र

इस साल मेरे कुछ दोस्त लखनऊ घूमने आए। हमने उन्हें इमामबाड़ा, भूलभुलैया और रेजीडेंसी दिखाई। और भी कई जगह हम उन्हें ले गए।

उन्हें लखनऊ बहुत अच्छा लगा। दूसरे दिन हम लोग उत्तर प्रदेश के कुछ और स्थान देखने चल पड़े। सबसे पहले बाराबंकी में देवा शरीफ गए। वहां हाजी वारिस अलीशाह के मजार पर माथा टेका। फिर अयोध्या गये। भगवान राम की जन्मभूमि देखी। हनुमान गढ़ी में पूजा की और प्रसाद चढ़ाया।

अयोध्या से वाराणसी गए। विश्वनाथ के मंदिर में पूजा की। घाटों पर घूमे। प्रातः उठकर सारनाथ देखने गये।


हमारा अगला पड़ाव था इलाहाबाद। वहां संगम पर स्नान किया। इलाहाबाद से चित्रकूट गए। यहां कामदगिरि की परिक्रमा की। फिर चले झांसी की ओर। झांसी में रानी लक्ष्मीबाई का किला देखा।

झांसी से हम पहुंचे आगरा। वहां ताजमहल देखा। लाल किला देखा। फतेहपुर सीकरी में अकबर का किला देखा। आगरा से मथुरा चले गये। वहां भगवान कृष्ण की जन्मभूमि देखी।

मथुरा से मेरठ पहुंचे। मेरठ के पास सरधना के पुराने गिरजा घर गए। इस प्रकार हम लोगों ने पूरा प्रदेश घूम लिया।

लीटर, मिलीलीटर के बारे में जानिए :

दूध, तेल, पेट्रोल वगैरह तरल चीजें लीटर, मिलीलीटर में मापी जाती हैं। इनके मापने के लिए बर्तन नीचे दिए गए हैं



100 मि0ली0 | 200 मि0ली0 | 500 मि0ली0 | 1 लीटर

समझिए :

आधा लीटर	=	500 मिलीलीटर
1 लीटर	=	1000 मिलीलीटर

मिलीलीटर को मि0ली0 भी लिखते हैं।

दशमलव में लिखना सीखिए :

1 लीटर 500 मिलीलीटर	=	1.500 ली0
5 लीटर 250 मिलीलीटर	=	5.250 ली0

जोड़ना सीखिए :

```
    5.250  ली0            7.500  ली0
+   3.250  ली0        +   3.500  ली0
--------------        --------------
    8.500  ली0           11.000  ली0
--------------        --------------
```

घटाना सीखिए :

```
    7.500  ली0           12.500  ली0
–   5.500  ली0        –   7.250  ली0
--------------        --------------
    2.000  ली0            5.250  ली0
--------------        --------------
```

1. पढ़िए :

इ, इनाम, इमारत, इंसाफ, व्रत, प्राण, विनम्र

2. पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

उत्तर प्रदेश का मैदानी भाग नदियों से लाई हुई मिट्टी से बना है। सिंचाई के लिए नदियों पर बांध बनाए गए हैं। इनसे बिजली भी बनाई जाती है। रिहन्द और माताटीला यहां के प्रमुख बांध हैं। इस प्रदेश में अनेक महापुरुषों का जन्म हुआ है। तुलसी, सूर, कबीर, जायसी जैसे संत कवि इसी प्रदेश की देन है।

1. उत्तर प्रदेश का मैदानी भाग किससे बना है ?

   ....

2. बांधों से क्या लाभ हैं ?

   ....

3. कौन कौन से प्रमुख संत कवि उत्तर प्रदेश की देन हैं ?

   ....

3. पाठ के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

1. लखनऊ में दोस्तों ने कौन कौन सी जगहें देखीं ?

   ....

2. ताज महल कहां है ?

   ....

3. रानी लक्ष्मीबाई का किला कहां है ?

   ....

4. जो स्थान जहां हैं, उन्हे रेखा से मिलाइए :

लखनऊ	कामदगिरि
अयोध्या	कृष्ण जन्म भूमि
देवाशरीफ	राम जन्म भूमि
वाराणसी	गिरिजाघर
इलाहाबाद	भूलभुलैया
चित्रकूट	हाजी वारिश अलीशाह की मजार
मथुरा	विश्वनाथ मंदिर
सरधना	संगम

5. खाली स्थान भरिए :

1 लीटर = ... मि0ली0

आधा लीटर = ... मि0ली0

6. दशमलव में लिखिए :

4 लीटर 500 मिलीलीटर = ...

7 लीटर 250 मिलीलीटर = ...

7. जोड़िए :

```
    7.250  लीटर          10.500  लीटर
+   5.250  लीटर     +     7.500  लीटर
_______________     ________________

_______________     ________________
```

8. घटाइए :

```
    8.500  लीटर           8.750  लीटर
–   5.250  लीटर     –     3.250  लीटर
_______________     ________________

_______________     ________________
```



बर्तनों के बच्चे

र्

र् पर्व दर्शन गर्जन सतर्क

एक गरीब आदमी था। उसका नाम था दर्शन। उसने अपनी बड़ी लड़की की शादी तय की।

शादी में बर्तनों की आवश्यकता थी। दर्शन साहूकार के यहां गया। किराये पर बर्तन ले आया।

शादी के बाद दर्शन बर्तन लौटाने गया। बर्तनों के साथ भूल से दर्शन के भी कुछ बर्तन चले गए। बाद में दर्शन अपने बर्तन वापस मांगने गया। साहूकार ने झिड़कते हुए कहा–"मूर्ख, वे तो मेरे बर्तनों के बच्चे हैं।''

बेचारा दर्शन अपना सा मुंह लेकर वापस आ गया।

कुछ समय बाद दर्शन की दूसरी लड़की की शादी हुई। दर्शन फिर उसी साहूकार से बर्तन ले आया।

कई महीने गुजर गए। दर्शन बर्तन लौटाने नहीं गया। अब साहूकार घबराया। वह दर्शन के घर बर्तन लेने खुद जा पहुंचा।

साहूकार को देखते ही दर्शन रोने लगा। बोला– "सेठजी, मैं आपके पास कैसे आता ? आपके बर्तन तो मर गए।"


साहूकार गुस्से से तमतमा उठा। बोला–"दुष्ट, मेरे साथ धोखा करता है ! बर्तन कहीं मरते हैं ? मैं तुझे काजी के पास घसीटूंगा।"

काजी ने दोनों की बातें सुनी। फिर फैसला सुनाया–"अगर बर्तनों के बच्चे हो सकते हैं, तो बर्तन मर भी सकते हैं।"

साहूकार माथा पीट कर रह गया।

मीटर, मिली मीटर और सेन्टीमीटर के बारे में जानिए :

लम्बाई मीटर, मिलीमीटर तथा सेन्टीमीटर में नापी जाती है। नीचे नापने का फीता देखिए –



समझिए :

10 मिलीमीटर = 1 सेन्टीमीटर
100 सेन्टीमीटर = 1मीटर
1000 मीटर = 1 किलोमीटर

मिलीमीटर को मि0मी0 भी लिखते हैं।
सेन्टीमीटर को से0मी0 भी लिखते हैं।
किलोमीटर को कि0मी0 भी लिखते हैं।

दशमलव में लिखना सीखिए :

4 मीटर 5 सेन्टीमीटर = 4.05 मीटर
8 मीटर 25 सेंटीमीटर = 8.25 मीटर

जोड़ना सीखिए :

	5.25 मीटर		10.50 मीटर
+	3.25 मीटर	+	7.50 मीटर
	8.50 मीटर		18.00 मीटर

घटाना सीखिए :

	8.50 मीटर		10.50 मीटर
−	5.50 मीटर	−	4.25 मीटर
	3.00 मीटर		6.25 मीटर

अभ्यास

1. पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

धनीराम एक मेहनती और खुशमिजाज किसान था। एक दिन रास्ते में उसे एक थैला पड़ा मिला। थैले में रुपये और गहने थे। लालच में आकर धनीराम ने थैला घर के भीतर छिपा दिया।

अब धनीराम हर समय थैले की ही सोच में डूबा रहता। उसका मन काम करने में नहीं लगता था। वह दुखी रहने लगा। सोच विचार कर उसने थैले के मालिक की खोज के लिए मुनादी करवाई। मुनादी सुनकर थैले का मालिक आया और अपना थैला ले गया।

अब धनीराम पहले की ही तरह खुश रहने लगा।

1. धनीराम कौन था ?

   ....

2. धनीराम को रास्ते में क्या मिला ?

   ....

3. थैले में क्या था ?

   ....

4. थैले के मालिक को तलाशने के लिए किसान ने क्या किया ?

   ....

5. इस कहानी से क्या सीखा ?

   ....

2. पाठ के आधार पर सवालों के जवाब लिखिए :

1. दार्शन के कितनी लड़कियां थी ?

....

2. बर्तन लेने के लिए दर्शन किसके पास गया ?

....

3. दर्शन और साहूकार का फैसला किसने किया ?

....

3. सही शब्द चुन कर खाली जगह भरिए :

1. गांव में एक ....आदमी रहता था। (गरीब / अजीब)
2. साहूकार ने दर्शन को..............हुए कहा। (धड़कते / झिड़कते)
3. साहूकार को देखते ही दर्शन...........लगा। (सोने / रोने)
4. काजी ने दर्शन को.................. ।.(बुलवाया / धुलवाया)

4. नीचे लिखे मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

अपना सा मुंह लेकर रह जाना ....

....

तमतमा जाना ....

....

माथा पीट लेना ....

....

5. खाली स्थान भरिए :

1 सेंटीमीटर	=	....	मिलीमीटर
1 मीटर	=	....	सेंटीमीटर
1 किलोमीटर	=	....	मीटर
15 किलोमीटर	=	....	मीटर

6. दशमलव में लिखिए :

5 मीटर 25 सेंटीमीटर =

7 मीटर 50 सेंटीमीटर =

12 मीटर 75 सेंटीमीटर =

8 किलोमीटर 250 मीटर =

6 सेंटीमीटर 8 मिलीमीटर =

7. जोड़िए :

5.25 मीटर	10.50 मीटर
+ 2.25 मीटर	+ 5.50 मीटर

8. घटाइए :

7.50 मीटर	10.75 मीटर
− 5.25 मीटर	− 7.25 मीटर

जांच –5

1. पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

मंदिर में बड़ी भीड़ थी। वहां एक बकरे की बलि चढ़ाई जानी थी। इतने में वहां एक दुबला पतला आदमी आया। उसने लोगों से पूछा– " यहां क्या हो रहा है ?''

भीड़ में से एक आदमी बोला– " देखते नहीं, इस बकरे की बलि देनी है। इसकी बलि देने से देवी मां प्रसन्न होंगी।

उस आदमी ने कहा– " बकरे से श्रेष्ठ तो मनुष्य है। मनुष्य की बलि देने से देवी मां और अधिक प्रसन्न होंगी। क्या इसके लिए आप लोगों मे से कोई तैयार है ? यदि नहीं, तो मैं तैयार हूं। मेरी बलि दे दीजिए ।''

उस आदमी की बात सुनकर सब सन्न रह गए। बकरे की जान बच गई। जानते हो वह दुबला पतला आदमी कौन था ? वे थे महात्मा गांधी, जिन्हें हम प्यार से बापू कहते हैं।

1. मंदिर में किसकी बलि चढ़ाई जानी थी ?
   ....

2. अपनी बलि देने के लिए कौन आगे आया ?
   ....

3. दुबला पतला आदमी कौन था ?
   ....

2. नीचे लिखे शब्दों से वाक्य बनाइए :

ऊंचा ....

ज्ञान ....

बर्तन ....

प्रदेश ....

3. समान शब्दों को मिलाइए :

प्रसाद	सर्कस
कृषि	ऊसर
आश्रम	पवित्र
ग्रामीण	प्रसाद
सर्कस	कृषि
ऊसर	आश्रम
पवित्र	ग्रामीण

4. पाठों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1. दर्शन कहां से बर्तन किराये पर लाया ?

....

2. एड्स के बारे में किसने बताया ?

....

3. इमामबाड़ा किस शहर में है ?

....

4. उपजाऊ कृषि कौन सी है ?

....

5. भाग दीजिए :

3) 18 (4) 24 (8) 32 (

6. जोड़िए :

```
  6.500 कि0ग्रा0
+ 3.500 कि0ग्रा0
________________

________________
```

```
  8.500  ली0
+ 4.500  ली0
____________

____________
```

```
  6.25  मीटर
+ 2.25  मीटर
____________

____________
```

```
  12.8 सेमी0
+ 27.2 सेमी0
____________

____________
```

7. घटाइए :

```
  10.550 कि0ग्रा0
−  5.500 कि0ग्रा0
_________________

_________________
```

```
  10.500 ली0
−  7.250 ली0
____________


____________
```

```
  9. 50  मीटर
− 4.25   मीटर
_____________

_____________
```

```
  35.6 सेमी0
− 20.7 सेमी0
____________

____________
```



पाठ–9

राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना

ट्र ड्रम राष्ट्र ड्रामा ट्रैक्टर

गांव में बाढ़ के कारण सारी फसल मारी गई। मजदूरों के पास कोई काम नहीं था। सभी ट्रक में बैठ कर शहर चले गए थे। विजय भी शहर जाने की तैयारी कर रहा था। अगले दिन गांव में मुनादी की गई "अब शहर जाने की जरूरत नहीं है। हर नौजवान को गांव में ही काम मिलेगा। दोपहर को सभी पंचायत घर पर आ जाएं।"

अगले दिन सभी लोग पंचायत घर पर जमा हुए। ग्राम पंचायत अधिकारी ने बताया–"आपके गांव में राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (नरेगा) लागू की जा रही है। इसके तहत हर बेरोजगार को साल में 100 दिन का काम अवश्य मिलेगा। जो काम करना चाहते हैं, अपनी अर्जी ग्राम पंचायत में जमा करा दें।

अर्जी की जांच की जाएगी। फिर 15 दिन के अन्दर प्रार्थी को जॉब कार्ड दिया जायेगा। यह जॉब कार्ड 5 साल तक चलेगा। मजदूरी का काम 5 किलोमीटर के दायरे में ही मिलेगा। इससे अधिक दूरी होने पर आने जाने का किराया भी दिया जायेगा।''

विजय ने सभी दोस्तों को पत्र भेजा। पत्र पाते ही सब ट्रक पर बैठ कर वापस आ गये। राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत सभी को काम मिल गया।

इबारत के सवाल सीखिए :

हमें बाजार से खरीद का हिसाब किताब, घर के खर्चे का हिसाब किताब, मजदूरी का हिसाब किताब करना पड़ता है। इसमें रुपए पैसे, ग्राम किलोग्राम, लीटर मिलीलीटर, मीटर सेन्टीमीटर का जोड़, घटाना, गुणा, भाग करना होता है। ऐसे सवालों को हल करने का तरीका सीखें।

जैसे –

1. रामदीन ने 30 रु. 50 पैसे की सब्जी, 15 रु. 25 पैसे का नमक खरीदा। बताइए उसने कुल कितना खर्च किया ?

	30 रु.	50 पै.	की सब्जी
+	15 रु.	25 पै.	का नमक
कुल	45 रु.	75 पै.	खर्च हुआ।

2. हरभजन के पास 150 रु. थे। उसमें से उसने 50.00 रु. का कपड़ा खरीदा, 40 रु. की सब्जी खरीदी, 30.00 रु. की चीनी खरीदी। बताइए उसने कितने रुपए खर्च किए ?

हरभजन का कुल खर्च :

कपड़ा	50.00 रु. का
सब्जी	40.00 रु. का
चीनी	30.00 रु. का
कुल खर्च	120.00 रु.

3. हरीराम की एक दिन की मजदूरी 80.00 रु. है। उसने कुल 5 दिन तक काम किया। बताइए हरीराम को कितनी मजदूरी मिली ?

एक दिन की मजदूरी — 80.00 रु.

5 दिन की मजदूरी होगी 80.00 रु.

x 5

400.00 रु.

4. राम के पास 48.00 रु. थे। दशहरे के दिन उसने इन रुपयों को अपने 4 बेटों में बांट दिया। बताइए हर बेटे को कितने रुपए मिले ?

कुल रुपया = 48.00 रु.

बच्चों की संख्या = 4

बंटा 48.00 रु. ÷ 4

4) 4 8.0 0 (12

− 4

0 8

0 8

0 0

इस प्रकार प्रत्येक बेटे को 12 रु. मिलेंगे।

अभ्यास

1. पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत हर राज्य में तयशुदा मजदूरी दी जाती है। उत्तर प्रदेश में यह दर इस समय 100 रुपए रोज है। महिलाओं को पुरुषों के बराबर ही मजदूरी मिलती है। मजदूरी नकद दी जाती है। नकद मजदूरी पोस्ट आफिस या बैंक में कामगार के खाते में जमा होती है। काम करने के 15 दिन के अन्दर पूरी मजदूरी दे दी जाती है। जॉब कार्ड के साथ आवेदन करने के 15 दिन के भीतर काम मिल जाता है। काम न मिलने पर सरकार बेरोजगारी भत्ता देती है।

1. उत्तर प्रदेश में इस समय तयशुदा मजदूरी क्या है ?

   ....

2. महिलाओं को कितनी मजदूरी मिलती है ?

   ....

3. जॉब कार्ड के साथ आवेदन करने पर 15 दिन में काम न मिले तो क्या होता है ?

   ....

4. नकद मजदूरी कहां जमा होती है ?

   ....

2. पाठ के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1. रोजगार गारंटी योजना में साल में कितने दिन काम मिलेगा ?

....

2. काम कितनी दूरी के अन्दर मिलता है ?

....

3. जॉब कार्ड कितने साल तक चलता है ?

....

4. आने जाने का किराया किस हालत में मिलता है ?

....

3. सही पर (✔) का निशान तथा गलत पर (X) का निशान लगाइये :

(1) रोजगार गारंटी योजना में 50 दिन से अधिक काम नहीं मिलेगा। ( )

(2) काम की अर्जी पंचायत में जमा होगी। ( )

(3) जॉब कार्ड केवल 1 साल का ही बनेगा। ( )

(4) विजय का पत्र पाकर उसके दोस्त वापस नहीं आए। ( )

(5) काम 2 किलोमीटर के अन्दर ही मिलेगा। ( )

4. आपके गांव में रोजगार गारंटी योजना में क्या क्या परेशानियां हैं ? लिखिए :

....

....

....

....

....

5. इबारती सवाल हल कीजिए :

1. कमला ने 20.00 रुपये का चना खरीदा, 50.50 रुपये का तेल खरीदा। उसने कुल कितने रुपये खर्च किये ?

2. एक आदमी 500 रुपये लेकर बाजार गया। उसने 355.00 रुपये का मुर्गी का दाना खरीदा। अब उसके पास कितने रुपये बचे ?

3. गंगा ने 8.00 रुपये दर्जन के हिसाब से 4 दर्जन केले खरीदे। गंगा ने दुकानदार को कितने रुपये दिये ?

4. मंगल के पास 64.00 रु. थे। उसने ये रुपये 8 बच्चों में बांट दिए। बताइए प्रत्येक को कितने रुपये मिले ?



पाठ– 10

सूचना का अधिकार

दौलतपुर गांव की बात है। वहां कई हफ्तों तक राशन नहीं मिला। लोगों ने लाला से राशन के हिसाब किताब का रजिस्टर मांगा।

लाला ने कहा–"तुम हिसाब किताब लेने वाले होते कौन हो ?"

लोग ग्राम पंचायत सचिव के पास गए। सचिव ने कहा– "लाला को हिसाब किताब तो देना ही होगा। सरकार ने 'सूचना का अधिकार' कानून लागू किया है। इस कानून के तहत आप किसी भी विभाग या कार्यालय से कोई भी सूचना मांग सकते हैं। यह सूचना साधारण कागज पर एक अर्जी देकर मांगी जा सकती है। अर्जी के साथ 10 रुपए का पोस्टल ऑर्डर लगाना होता है।

30 दिनों के अन्दर सूचना न देने पर 250 रुपये रोजाना या 25,000 रुपए तक का जुर्माना किया जा सकता है।

सचिव ने आगे कहा–"आप लोग तहसील में एस.डी. एम. साहब को अर्जी दीजिए। वहीं से इस पर कार्यवाही होगी।"

लोगों ने एस.डी.एम. को अर्जी दे दी। एस.डी.एम. ने राशन विभाग द्वारा लाला के रजिस्टर की सूचनाएं मांगीं। लाला राशन का हिसाब किताब ठीक ठीक नहीं दे पाया। उसे 25,000 रुपए जुर्माने के रूप में भरने पड़े।

1. समझिए प्रतिशत :

प्रतिशत का मतलब है – प्रति सैकड़ा। पांच प्रतिशत का मतलब हुआ–सौ में पांच। प्रतिशत इस प्रकार लिखा जाता है % । जैसे, ब्याज 5 प्रतिशत या 5%

इसे उदाहरण से समझिए :

पारबती ने सहकारी बैंक से 5% सालाना ब्याज की दर से 500 रु. उधार लिए। अगले साल के अंत में कर्ज चुकाया। पारबती को 500 रु. मूलधन और 25 रु. ब्याज, कुल 525 रु. देने पड़े।

इसी प्रकार–

800 रू0 का 6% की दर से 1 साल का ब्याज = 48 रू.
1200 रू0 का 4% की दर से 2 साल का ब्याज = 96 रू.
600 रू0 का 8% की दर से 6 महीने का ब्याज = 24 रू.
1500 रू0 का 5% की दर से 3 साल का ब्याज = 225 रू.

अभ्यास

1. पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

भारत में बहुत से लोग गरीब हैं। बहुत से लोग अनपढ़ हैं। पैसों की कमी से अदालत का खर्च नहीं उठा पाते। उनको सामाजिक न्याय नहीं मिल पाता। सरकार ने ऐसे लोगों के लिए एक कानून बनाया है। इस के तहत गरीबों को मुफ्त कानूनी मदद दी जाती है। इसमें सभी खर्च सरकार उठाती है, जैसे– वकील का खर्च, कागज तैयार करने का खर्च। इसमें आप अपनी बात सादे कागज पर लिखकर दे सकते हैं। यह सुविधा जिला, राज्य व केन्द्र स्तर पर मिलती है।

1. भारत में बहुत से लोग कैसे हैं ?

2. मुफ्त कानूनी मदद किन लोगों के लिए है ?

3. अदालत का खर्च कौन उठाता है ?

4. मुफ्त कानूनी मदद कहां कहां से मिलती है ?

2. पाठ के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1. लोगों ने लाला से क्या माँगा ?

....

2. राशन न मिलने पर लोगों ने शिकायत किससे की ?

....

3. सूचना न देने पर कितना जुर्माना हो सकता है ?

....

4. सूचना के अधिकार में सूचना कितने दिनों में देनी होती है ?

....

3. सही पर (✔) का तथा गलत पर (X) का निशान लगाइए :

1. परेशान लोगों ने लाला से हिसाब किताब का रजिस्टर माँगा। ( )
2. लोगों ने लाला की शिकायत ब्लॉक प्रमुख से की। ( )
3. अर्जी के साथ 50 रु. का पोस्टल ऑर्डर लगता है। ( )
4. लाला राशन का हिसाब ठीक ठीक नहीं दे पाया। ( )
5. लाला पर कोई जुर्माना नहीं हुआ। ( )

2. सूचना न देने पर कितना जुर्माना हो सकता है ?

....

3. सूचना के अधिकार में सूचना कितने दिनों में देनी होती है ?

....

3. सही पर (✔) का तथा गलत पर (X) का निशान लगाइए :

1. परेशान लोगों ने लाला से हिसाब किताब का रजिस्टर माँगा। ( )
2. लोगों ने लाला की शिकायत ब्लॉक प्रमुख से की। ( )
3. अर्जी के साथ 50 रु. का पोस्टल ऑर्डर लगता है। ( )
4. लाला राशन का हिसाब ठीक ठीक नहीं दे पाया। ( )
5. लाला पर कोई जुर्माना नहीं हुआ। ( )

4. हल कीजिए :

1. जानकी ने 6% सालाना ब्याज की दर से 300 रु0 उधार लिए। साल के अंत में उसे कुल कितने रुपए वापस देने पड़ेंगे ?

2. रामदीन ने बाग में नींबू के 800 पौधे लगाए। उसमें से 10% पौधे सूख गए। बताइए कितने पौधे बचे ?



पाठ–11

स्वयं सहायता समूह

स्वयं सहायता समूह एक ऐसा समूह है, जिससे आप अपनी सहायता स्वंय कर सकते हैं। यह समूह आप अपने पड़ोसियों, परिचितों के साथ मिलकर बना सकते हैं। इसमें 10 से 20 लोग होते हैं। अगर सभी लोग एक जैसे हालात में रहने वाले हों, तो ठीक रहता है। सभी सदस्य अपनी छोटी छोटी बचत यहां जमा करते हैं। समूह के सदस्य वहां से अपने कामों के लिए कर्ज ले सकते हैं।

अपनी आय बढ़ाने के लिए समूह छोटा मोटा रोजगार भी शुरू कर सकता है।

समूह में से ही एक व्यक्ति अध्यक्ष चुना जाता है और एक सचिव। सचिव को हिसाब किताब रखने की जिम्मेदारी दी जा सकती है। समूह के सदस्य आपस में मिल बैठकर समूह के नियम बनाते हैं। हर सदस्य कितनी रकम जमा करेगा, यह भी सदस्य ही तय करते हैं। इस रकम का लेखा जोखा रजिस्टर में रखा जाता है।

समूह की नियमित रूप से बैठकें होती हैं। बचत की रकम अधिक होने पर समूह इसे बैंक में जमा कर सकता है। जमा राशि के आधार पर बैंक अपनी ओर से भी कर्ज देते हैं।

इस तरह स्वयं सहायता समूह बना कर हम अपने परिवार की आय बढ़ा सकते हैं।

कैलेंडर देखना सीखिए :

1	दिन	=	24 घंटे
1	सप्ताह	=	7 दिन
1	महीना	=	30 दिन
1	साल	=	12 महीने
1	साल	=	365 दिन

साल में 12 महीने होते हैं। अलग अलग महीनों में दिनों की संख्या इस प्रकार है –

जनवरी	=	31 दिन	जुलाई	=	31 दिन
फरवरी	=	28 / 29 दिन	अगस्त	=	31 दिन
मार्च	=	31 दिन	सितम्बर	=	30 दिन
अप्रैल	=	30 दिन	अक्टूबर	=	31 दिन
मई	=	31 दिन	नवम्बर	=	30 दिन
जून	=	30 दिन	दिसम्बर	=	31 दिन

जो साल 4 से भाग देने पर पूरी तरह बंट जाता है, उस साल में फरवरी 29 दिन की होती है। अन्यथा फरवरी 28 दिन की होती है। जैसे– 2010 में फरवरी 28 दिन की थी, परन्तु 2012 में यह 29 दिन की होगी।

प्रत्येक महीने तथा साल का अलग कैलेन्डर होता है। सन् 2010 के मार्च महीने का कैलेन्डर आगे दिया गया है–

तारीख	दिन						
	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	बृहस्पतिवार	शुक्रवार	शनिवार	रविवार
	1	2	3	4	5	6	7
	8	9	10	11	12	13	14
	15	16	17	18	19	20	21
	22	23	24	25	26	27	28
	29	30	31				

जानिए :

मार्च के महीने में – 2 तारीख को मंगलवार पड़ेगा।
18 तारीख को बृहस्पतिवार पड़ेगा।
26 तारीख को शुक्रवार पड़ेगा।
महीने का अन्तिम रविवार 28 तारीख को पड़ेगा।

अभ्यास

1. पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

बच्चे के जन्म के बाद उसके जन्म का पंजीकरण कराना जरूरी है। इसका प्रमाण पत्र मिलता है। यह प्रमाण पत्र कई जगह काम आता है। स्कूल में दाखिला कराने और बीमा आदि कराने में इसकी जरूरत पड़ती है। नौकरी पाने, पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने में भी यह काम आता है। इसी तरह मृत्यु का प्रमाण पत्र बनवाना भी जरूरी है। बीमे का पैसा लेने और वसीयत लागू होने में इसकी जरूरत पड़ती है। जन्म और मृत्यु का पंजीकरण, ग्राम पंचायत, नगरपालिका या नगर महापालिका में किया जाता है। जन्म या मृत्यु के 21 दिन के अंदर पंजीकरण करा लेना चाहिए। इससे अधिक देर होने पर विलम्ब शुल्क देना पड़ता है।

1. जन्म प्रमाण पत्र की जरूरत कहां पड़ती है ?

....

2. मृत्यु का प्रमाण पत्र कहां काम आता है ?

....

3. पंजीकरण कहां कराया जाता है ?

....

2. पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए :

1. स्वयं सहायता समूह कैसा समूह है ?

....

3. स्वयं सहायता समूह में कितने सदस्य होते हैं ?

....

4. समूह अपनी आय बढ़ाने के लिए क्या कर सकता है ?

....

3. ठीक शब्द चुनकर वाक्यों को पूरा कीजिए :

1. स्वयं सहायता समूह बनाकर बचत...........करनी होती है। (जमा / खर्च)

2. समूह से ऋण...............जा सकता है। (लिया / दिया)

3. स्वयं सहायता समूह...............बढ़ाने के लिए छोटा मोटा कारोबार भी शुरू कर सकता है। (आय / व्यय)

4. खाली स्थान भरिए :

30 दिन का .... होता है।
12 महीने का .... होता है।
जनवरी में .... दिन होते हैं।
अप्रैल में .... दिन होते हैं।
सितम्बर में .... दिन होते हैं।

5. नीचे फरवरी, 2010 का कैलेन्डर दिया गया है। कैलेन्डर देखकर खाली जगह भरिए :

तारीख	दिन						
	रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	बृहस्पतिवार	शुक्रवार	शनिवार
		1	2	3	4	5	6
	7	8	9	10	11	12	13
	14	15	16	17	18	19	20
	21	22	23	24	25	26	27
	28						

16 तारीख का दिन .... होगा।
8 तारीख का दिन .... होगा।
25 तारीख का दिन .... होगा।
महीने का पहला रविवार .... तारीख को पड़ेगा।
महीने का आखिरी शनिवार .... तारीख को पड़ेगा।



कबीर



रहीम

कबीर के दोहे

कबिरा खड़ा बजार में, मांगे सबकी खैर।
ना काहू से दोस्ती, ना काहू से बैर ।।

धीरे धीरे रे मना, धीरे सब कुछ होय।
माली सींचै सौ घड़ा, रितु आये फल होय।।

बड़े बड़ाई ना करें, बड़े न बोलें बोल।
हीरा मुख से कब कहे, लाख टका मेरो मोल।।

करै बुराई सुख चहै, कैसे पावै कोय।
रोपै पेड़ बबूल का, आम कहां ते होय।।

चाह गई चिन्ता गई, मनुवा बेपरवाह ।
जिनको कछू न चाहिए, सो साहन के साह।।

रहीम के दोहे

रहिमन चुप ह्वै बैठिये, देखि दिनन का फेर।
जब नीके दिन आइहैं, बनत न लगिहै देर ।।

रहिमन धागा प्रेम का, मत तोरो चटकाय।
टूटे से फिरि ना जुरै, जुरै गांठ परि जाय।।

रहिमन विपदा हू भली, जो थोरे दिन होय।
हित अनहित या जगत में, जानि परत सब कोय।।

रहिमन निज मन की व्यथा, मन ही राखो गोय।
सुनि अठिलइहैं लोग सब, बांटि न लेहै कोय।।

दीन सबन को लखत हैं, दीनहि लखै न कोय।
जो रहीम दीनहिं लखै, दीनबन्धु सम होय।।


समझिए अनुपात :

अनुपात का मतलब है–हिस्सा या भाग। जैसे–एक दुकानदार के पास 24 बोरियों में 8 बोरी दाल है, बाकी चावल है। 24 में से यदि 8 बोरी निकाल दें, तो 24–8 =16 बोरी चावल बच जाता है। इस बात को हम यों भी कह सकते हैं कि दाल से चावल की बोरियां 16÷8 = 2 गुनी हैं। अर्थात चावल और दाल की बोरियों में 2:1 का अनुपात है।


समय :   घंटा – मिनट – सेकेंड

एक दिन	=	24 घंटा
एक घंटा	=	60 मिनट
एक मिनट	=	60 सेकेंड


घड़ी में छोटी सुई घंटा बताती है और बड़ी सुई मिनट बताती है। नीचे दी गई घड़ियों में कितने बजे हैं, जानिए :




3 बजे




5 बजे




7 बजकर 10 मिनट



9 बजे



8 बजे



10 बजकर 15 मिनट

अभ्यास

1. पढ़िए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

कबीर एक समाज सुधारक संत थे। वे स्वामी रामानन्द के शिष्य थे। कबीर कपड़ा बुनते थे। कपड़ा बुनते हुए भी भक्ति भाव में डूबे रहते थे। पद और दोहे बनाते थे। उन्हें गाते गुनगुनाते थे। उनकी संगति में हिन्दू मुसलमान दोनों सम्प्रदाय के लोग बैठते थे। वे उन पदों और दोहों को याद कर लेते थे। कबीर धार्मिक ढकोसलों के विरोधी थे। इसके लिए उन्होंने हिन्दू मुसलिम दोनों को खूब फटकारा। उनके नाम पर कबीर पंथ चल पड़ा। आज उनके अनुयायी कबीरपंथी कहे जाते हैं।

(क) कबीर कौन थे ?

....

(ख) कबीर की संगति में कौन लोग बैठते थे ?

....

....

(ग) कबीर किसके विरोधी थे ?

....

(घ) कबीर के अनुयायी क्या कहे जाते हैं ?

....

....

2. पाठ के आधार पर नीचे लिखी पंक्तियां पूरी कीजिए :

(अ) ना काहू से दोस्ती,...

(ब) हीरा मुख से कब कहे,...

(स) जिन को कछू न चाहिए,...

(द) जो रहीम दीनहिं लखैं, ...

(ध) जब नीके दिन आइहैं,...

3. सही शब्द चुनकर खाली जगह भरिए :

फल होय	लोग सब	प्रेम का
बजार में	देखकर	

1. कबिरा खड़ा ....
2. चलती चाकी ....
3. रितु आए ....
4. रहिमन धागा ....
5. सुनि अठिलइहैं ....

4. सही अर्थ देने वाले शब्दों को मिलाइए :


खैर	देखे
फेर	छुपाकर
नीके	भलाई
व्यथा	चक्कर
गोय	दर्द
लखै	अच्छे

5. बताइए :

सुभद्रा के पास 24 भेड़ें और 8 बकरियां हैं। भेड़ और बकरियों में क्या अनुपात है ?

एक मकान बनाने में 15 बोरी सीमेंट और 60 बोरी बालू खर्च हुई। सीमेंट और बालू में क्या अनुपात है ?

6. बताइए नीचे की घड़ियों में कितने बजे हैं ?



....

जांच–6

(पूर्णांक– 40)

पढ़ाई

1. पुरुष महिला दोनों क्या कर रहे हैं ? (4)



....

2. बताइए कौन सा परिवार सुखी है, कौन सा दुखी ? (2)





....

3. बस स्टेशन पर प्रातः चलने वाली बसों के प्रस्थान का समय इस प्रकार है :

लखनऊ 8 बजे, गोरखपुर 6 बजे तथा बनारस 10 बजे।

प्रश्न : बनारस जाने वाली बस का समय लिखिए ? (6)

....

4. पढ़िए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (8+20)

जीवन जीने के लिए साफ हवा और साफ पानी बहुत जरूरी है। भोजन के बिना हम कुछ हफ्तों तक जीवित रह सकते हैं। पानी के बिना कुछ दिनों तक जीवित रह सकते हैं। पर हवा के बिना कुछ क्षणों तक ही जीवित रह पाएंगे। इसीलिए पानी को जीवन कहा गया है। हवा को प्राण कहा गया है।

प्रश्नः जीवन जीने के लिए बहुत जरूरी क्या है ?

....

प्रश्नः भोजन के बिना हम कब तक जीवित रह सकते हैं ?

....

प्रश्नः पानी के बिना कब तक जीवित रहा जा सकता है ?

....

प्रश्नः प्राण किसको कहा गया है ?

....

लिखाई

(पूर्णांक – 30)

5. अपना नाम : (5)
पिता का नाम :
अपना पूरा पताः

कामः
उम्र :

6. किन्हीं पांच बर्तनों के नाम लिखिए और उनसे वाक्य बनाइए : (10)

1. ....

2. ....

3. ....

4. ....

5. ....

7. अपने किसी मित्र को एक पत्र लिखिए, जिसमें यह बताइए कि आपके गांव में सुधार के कौन कौन से काम हुए हैं : (15)

....

....

....

....

....

....

....

....

....

पाने वाले का पूरा पता लिखिए :

टिकट

....

....

....

....

(पूर्णांक– 30)

8. छूटी हुई गिनती लिखिए : (3)


31		33		35		37			40


9. जोड़िए : (6)

रु.	पै.	किग्रा.	ग्राम.	किमी.	मीटर
44	35	40	50	55	50
+25	35	+ 57	40	+ 33	15
....	....	....	....	....	....
....	....	....	....	....	....

10. एक किसान ने 640 रु. 50 पैसे के आलू बेचे तथा 330रु. 30 पैसे के टमाटर बेचे। उसने कुल कितने रुपए की सब्जियां बेची ? (4)

11. नीचे की घड़ियों में क्या बजा है ? लिखिए : (2)





....

12. घटाइए : (8)

रु.	पै.		किग्रा.	ग्राम.
59	43		65	750
−35	24		−41	230
....	....		....	....
....	....		....	....

मी.	सेमी.		घं.	मि.
45	50		16	30
−20	18		−12	25
....	....		....	....
....	....		....	....

13. गुणा कीजिए : (3)

1 2	1 5	2 4
x 3	x 3	x 5
....	....	....
....	....	....

14. भाग दीजिए : (4)

4) 2 8 (

6) 4 8 (

9) 8 1 (

3) 1 8 (

राष्ट्रीय साक्षरता मिशन

साक्षर भारत अभियान

जिला .... उत्तर प्रदेश

प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि कु०/श्रीमती/श्री ....

....

निवासी .... ने सन् ....

में चलाए गए साक्षर भारत अभियान में नई किरन प्रवेशिका के दोनो भाग पूरे कर लिए हैं।

दिनांक : ....   स्वयंसेवक

नई किरन प्रवेशिका भाग-2 पढ़ने के बाद अर्जित योग्यताएँ

पढ़ना और लिखना :-

- हिन्दी वर्णमाला के समस्त लिपि संकेत
- 'र' के रूप।
- संयुक्ताक्षर।
- सभी तरह के लिपि संकेतों से बनने वाले शब्द।
- 4 से 12 शब्दों तक के वाक्य।
- वाक्य संरचना एवं पत्र लेखन।
- परिवार के सदस्यों, वस्तुओं, गांवों व शहरों के नाम।

गणित :-

- स्थानीय मान/इकाई, दहाई, सैकड़ा, हजार
- हासिल तथा उधार वाले 3 अंकों तक के जोड़ घटाना
- रुपए पैसे के जोड़ घटाना
- दो अंकों तक के साधारण गुणा भाग, 10 तक पहाड़ा
- तौल - किलोग्राम, ग्राम
- द्रव पदार्थों की माप - लीटर, सेंटीलीटर
- लम्बाई व दूरी की नाप - किलोमीटर, मीटर, सेंटीमीटर, मिलीमीटर
- प्रतिशत
- अनुपात
- इबारती प्रश्न
- कैलेण्डर और घड़ी देखना

कार्यात्मक साक्षरता/विषय क्षेत्र :-

- राष्ट्रीय एकता
- गांधी जी के प्रेरक प्रसंग
- उपभोक्ता संरक्षण कानून
- बालिका शिक्षा/बेटा बेटी समानता
- नैतिक शिक्षा/मनोरंजन/लोक जीवन
- जैविक कृषि, जैविक खादें, जैविक कीटनाशक
- एड्स - लक्षण, कारण, बचाव
- उत्तर प्रदेश के प्रमुख दर्शनीय स्थल
- राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना
- सूचना का अधिकार
- मुफ्त कानूनी सहायता
- स्वयं सहायता समूह
- जन्म मृत्यु पंजीकरण
- संत कवि/महापुरुष
- पर्यावरण/स्वास्थ्य